वर्ष 26 अंक 77
पृष्ठ 22
बरेली, शुक्रवार
28 नवंबर 2014
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

एसआरएमएस में शुरू हुआ इंटर्नशिप

बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में गुरुवार को इंसपायर इंटर्नशिप-2014 का आगाज हुआ। इसमें प्रदेश के विभिन्न इंटर कॉलेजों से आए करीब दो सौ विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर प्रभाकर गुप्ता ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। डीआइजी आरकेएस राठौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा सचिन अग्रवाल, कानपुर आइआइटी के एसके डोगरा, डॉ. डीके सक्सेना ने विद्यार्थियों को सफलता के मूल मंत्र बताए और कहा कि कड़ी मेहनत से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, प्रशासक सुभाष मेहरा, प्राचार्य डॉ. वीपी भोसिया, निदेशक फार्मेसी प्रोफेसर जगन्नाथ साहू और रतीश अग्रवाल मौजूद रहे।